भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **4139** जिसका उत्तर

गुरूवार, 12 **दिसम्बर**, 2019/21 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाना है

एससीआई का विनिवेश

4139. सुश्री मिमी चक्रवर्तीः

श्री के. षणमुग सुंदरमः

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने भारतीय नौवहन निगम (एससीआई) में विनिवेश का निर्णय ले लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने 2017 में विनिवेश योजना बदल दी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) सरकार की मौजूदा हिस्सेदारी कितनी है और इसे बेचने का क्या प्रस्ताव है;

(ङ) क्या एससीआई की बिक्री के बाद सरकार द्वारा इन जहाजों को युद्ध या राष्ट्रीय आपात की स्थिति में प्रयोग में लाने हेतु कोई कदम उठाए गए हैं;

(च) क्या सरकार ने आपातकाल की स्थिति में अपने जहाज उतारने हेतु अपने पास अन्य एजेंसियां रख रहीं है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आज तक एससीआई द्वारा किए गए राहत/बचाव कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) से (घ): जी हां। सरकार ने भारतीय नौवहन निगम (एससीआई) के विनिवेश का निर्णय लिया है। एससीआई में सरकार का वर्तमान हिस्सा 63.75% है तथा इसकी संपूर्ण हिस्सेदारी को बेचने के लिए प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।

(ङ): जी हां। सरकार, युद्ध अथवा राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान भारतीय पोतो सहित किसी भी भारतीय परिसंपत्ति की मांग कर सकती है।

(च): नौवहन महानिदेशालय को लोक हित में अथवा भारतीय पोत परिवहन के हित में किसी विशिष्ट प्रयोजन हेतु कार्य करने के लिए वाणिज्यिक पोत परिवहन अधिनियम के अंर्तगत पंजीकृत अथवा वाणिज्यिक पोत परिवहन अधिनियम के तहत लाइसेंस प्राप्त पोतों को निर्देश जारी करने की शक्तियां प्राप्त हैं।

(छ): गत 3 वर्षो के दौरान और चालू वर्ष में एससीआई द्वारा किए गए राहत/ बचाव कार्यों का ब्यौरा अनुबंध-1 में दिया गया है।

अनुबंध-1

गत 5 वर्षों में एससीआई जलयानों द्वारा किए गए बचाव / राहत कार्य

क्रम सं.	जलयान की श्रेणी- जलयान का नाम	दिनांक	घटना का ब्यौरा
1.	ओएसवी- एससीआई ऊर्जा	26 अक्टूबर, 2019	**एससीआई ऊर्जा** ने भारतीय नौसेना जलयान, आईएनएस तेग के साथ मिलकर अरब सागर में आपदाग्रस्त ट्रालर 'वैष्णव देवी माता' से 18 मछुआरों को बचाया।
2.	टैंकर- महाराजा अग्रसेन	5 अगस्त, 2019	**महाराजा अग्रसेन** ने 05 अगस्त, 2019 को ओमान की खाड़ी में एम.वी. स्पार केपेला के ओवर बोर्ड से पानी में गिरे एक व्यक्ति को बचाया।
3.	बल्क कैरियर - विश्व विजय	5 नवंबर, 2018	**विश्व विजय** ने त्रिनकोमाली से दूर मछली पकड़ने वाले जलयान लकसिरि 04 से एक मरीज़ को लिया और उस नाविक की जान बचाने के लिए समय रहते उसे तट पर पहुंचाया।
4.	टैंकर - देश शांति	3 फरवरी, 2017	**देश शांति** ने 3 फरवरी 2017 को ओमान की खाड़ी में डुबती नाव एफआरटीके1 से 7 व्यक्तियों को बचाया (तीव्र शामल हवाएं एवं खाड़ी क्षेत्र पर अत्यंत ऊंची समुद्री लहरें) कप्तान देवेन्द्र कुमार ने कमाण्ड किया।
5.	टैंकर - संपूर्ण स्वराज	जून 2015	**संपूर्ण स्वराज** ने बंगाल की खाड़ी में प्रचंड तूफान के दौरान डुबती हुई मछली पकड़ने वाली नाव से सात मछुआरों को बचाया।

*****